**पेट्रोलियम उत्पादों की वितरण प्रणाली तथा उनका विक्रय मूल्य**

1770. श्री अनंतराय देवशंकर दवेः क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में पेट्रोल, डीजल, मिट्टी का तेल तथा अन्य तरल पेट्रो- उत्पादों की वितरण प्रणाली तथा विक्रय मूल्य एक समान है;

(ख) यदि हां, तो इन मदों के विक्रय मूल्य तथा वितरण प्रणाली का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है तथा क्या उनके वितरण और वितरण-मूल्य में विसंगतियां तथा असमानता है; और

(घ) क्या सरकार इस मदों की वितरण प्रणाली तथा विक्रय मूल्य में समानता लाने पर विचार कर रही है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (घ) पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल और अन्य तरल पेट्रोलियम उत्पादों की विरतण व्यवस्था देश में एक समान है। डीजल, पेट्रोल, मिट्टी तेल (सा0वी0प्र0) और एल पी जी घरेलू जैसे सभी नियंत्रित उत्पादों के लिए देशभर में सभी रिफाइनरी स्थलों पर आधारभूत अधिकतम बिक्री कीमतें भण्डारण बिन्दू पर शुल्क आदि के अलावा एक समान है । परन्तु प्राहकों के लिए अंतिम मूल्य भाड़े और चुंगी, प्रवेश कर, बिक्री कर, खरीद कर आदि जैसे अन्य स्थानीय उदग्राहणों के कारण भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न भिन्न होते हैं।

पूरे देश में ग्राहकों द्वारा अदा किए जाने वाले अंतिम मूल्यों में एक रूपता लाना संभव नहीं है क्योंकि खुदरा बिक्री मूल्य संबंधित राज्य के और स्थानीय करों की विभिन्न दरों, दूरी और इस्तेमाल किए गए परिवहन के भाड़े पर निर्भर करते है।

**Refinery at Raibarcly/Sultanpur**

1771. DR. RANBIR SINGH:
SHRI RAM NATH KOVIND:
SHRI RAJNATH SINGH 'SURYA':

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the position regarding proposed refinery in Raibarely/Sultanpur districts of Uttar pradesh;

(b) whether a request for laying its foundation has been received from Uttar pradesh Government; and

(c) if so, the status thereof?

THE MINSITER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) Government has accorded the 1st stage approval to Bharat petroleum Corporation Ltd., on 9th May, 1997 for preparation of Draft Feasibilty Report for setting up of Oil Rfinery in Uttar pradesh as a joint Venture project with Shell international Petroleum Company Ltd.

(b) and (c) The question of laying of foundation stone will be considered at appropriate time.

**प्राकृतिक गैस का वितरण**

1772. श्री मनोहर कांत ध्यानीः क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि गढ़वाल मंडल में प्राकृतिक गैस के वितरण का कार्य केवल गढ़वाल मंडल विकास निगम को दिया गया है;

(ख) क्या हरिद्वार जिले में वहादराबाद से बिक्री केन्द्रों तक ढुलाई के कार्य का प्रबंध स्वयं सरकार द्वारा किया जाता है, यदि हां, तो क्या इस व्यवस्था में सुधार तथा पारदार्शता लाने के लिये कोई योजना है; औड़

(ग) क्या गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिरिक्त प्रत्येक जिले में एक एजेंसी निजी क्षेत्र को देने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो कब तक तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) गढ़वाल में प्राकृतिक गैस नहीं है। तथापि, इस क्षेत्र में एल पी जी वितरण गढ़वाल मंडल विकास निगम (ग0मं0 वि0 नि0) को सौंपा गया है। परन्तु गढ़वाल मंडल विकास निगम ही एकमात्र एल पी जी वितरक नहीं है। वर्तमान में गढ़वाल क्षेत्र में 39 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटाशिपे है जिनमें से 19 गढ़वाल मंडल विकास निगम की हैं तथा शेष 20 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटशिपों में 5 परियोजनागत डिस्ट्रीब्यूटशिपें एवं 15 सामान्य चयन प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को आंबटित डिस्ट्रीब्यूटशिप सम्मिलित हैं।